आईआईएम का इंटर्नशिप प्लेसमेंट, 253 स्टूडेंट्स के लिए आईं 106 कंपनियां

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची में पीजीडीएम और पीजीडीएचआरएम के 2018-20 बैच के स्टूडेंट्स का समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट हुआ। संस्थान के अनुसार, यहां 253 स्टूडेंट्स के लिए 106 कंपनियां आईं। 253 में से 186 स्टूडेंट्स पीजीडीएम और 67 पीजीडीएचआरएम के रहे। विभिन्न कंपनियों के सेल्स एंड मार्केटिंग, फाइनांस, ऑपरेशन्स एंड जनरल मैनेजमेंट, आईटी एंड एनालिटिक्स, स्ट्रैटजी एंड कंसल्टिंग और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हुआ है। सभी 253 स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट मिला है। सबसे ज्यादा 44 फीसदी प्लेसमेंट सेल्स एंड मार्केटिंग में, फिर 16 फीसदी फाइनांस और 15 फीसदी प्लेसमेंट ऑपरेशन्स के सेक्टर में हुए।

पीजीडीएम के टॉप 25% बैच का औसत स्टाइपेंड 1.71 लाख

संस्थान के अनुसार, इस समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट में पीजीडीएम और पीजीडीएचआरएम के टॉप 25 फीसदी बैच का औसत स्टाइपेंड क्रमशः 1.71 लाख रुपए और 1.65 लाख रुपए रहा। वहीं पिछली बार की तुलना में पीजीडीएम बैच के औसत स्टाइपेंड में 6.45 फीसदी और पीजीडीएचआरएम में 10.06 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

Dainik Bhaskar, 17.01.2019, Pg. 1